ऑफ रोड की 12 बार विजेता पजेरो अब शहर में

सवारी

टू और फोर व्हील ड्राइव का मजा, दिल्ली रोड पर खोला शोरूम, पथरीले व रेतीली राहों को कर जाती है आसानी से पार

भास्कर न्यूज | हिसार

विश्व प्रसिद्ध पेरिस डकार रैली में 12 बार विजेता रही मित्सुबिशी की पजेरो अब हिसार पहुंच गई है। ऑफ रोड व्हीकल श्रेणी में दमदार एस यूवी के शोरूम का सोमवार को दिल्ली रोड पर उद्घाटन हुआ। डीलर अभिषेक जैन और कंपनी के सेल हेड अशीश कोल ने बताया कि पजेरो स्पोर्ट्स का एनिवर्सरी एडिशन ऑफ रोड की बादशाह है। पहले ही दिन इसके बारे में जानकारी लेने वालों की खासी भीड़ रही। पजेरो गाड़ी की सबसे बड़ी खूबी इसका रफटफ होना है। जबरदस्त पॉवर और आरामदायक पजेरो स्पोर्ट्स के अलावा भी कंपनी कुछ और मॉडल जल्द हिसार में लाएगी।

पजेरो में टू और फोर व्हील ड्राइव का मजा एक साथ लिया जा सकता है। पथरीले, रेतीले, गड्ढों और चढ़ाई जैसी कठिन राहों को आसान बनाना ही पजेरो का काम है। कंपनी का मानना है कि सुपर सलेक्ट टेक्नॉलॉजी पर बनी गाड़ी के ज्यादा खरीददारों की उम्र 35 से 50 के बीच है। क्योंकि हिसार ग्रोइंग सिटी है इसलिए यहां शोरूम को खोलने का उनका फैसला बहुत सोच समझ कर लिया गया है। खासकर बहादुरगढ़ से डबवाली बेल्ट को वे हिसार से ही कवर करेंगे।

हिसार. दिल्ली रोड स्थित मित्सुबिशी के नए शोरूम के शुभारंभ के दौरान पजेरो गाड़ी के फीचर्स के बारे में जानकारी लेते ग्राहक।

ये हैं बेस्ट फीचर्स

» **दम** : 2.5 सीसी इंजिन 178 पीएस पॉवर के साथ। इस सेगमेंट की गाड़ियों में पीएस पॉवर में सबसे ज्यादा होने का दावा कर रही है कंपनी। 35 डिग्री पर चढ़ाई और 45 डिग्री के कर्व पर चल सकती है।

» **माइलेज** : एक लीटर में 10 से 12 किलोमीटर जबकि इस्तेमाल कर रहे कुछ लोग 15 किलोमीटर तक की माइलेज मिलने की बात कह रहे हैं।

» **बैलेंस** : चारों पहियों में डिस्क ब्रेक है। तेज स्पीड में ब्रेक लगाने पर गाड़ी अपनी जरूरत के हिसाब से ब्रेक लेगी। जिससे संतुलन नहीं बिगड़ेगा।

» **सुरक्षा** : सामने की दोनों सीटों पर सेफ्टी एयर बैग हैं। बढ़िया क्वालिटी के ये बैग हादसे की दशा में सीधी टक्कर से सुरक्षा प्रदान करेंगे।

» **स्पेशल फीचर** : ड्राइविंग सीट पर इलेक्ट्रिक सिस्टम लगा है। इससे बटन दबाने से सीट आगे पीछे सेट हो जाती है।

Dainik Bhaskar, Hisar, July 16